# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | विभिन्न वस्तुओं का अनुरेखण करना। | Topic No: | 1 |
|---|---|---|---|
| Pre-school: | 4 से 5 वर्ष | Duration/Time: | 15 – 20 mins |

**Materials Required:**

गिलास, प्लेटें, कटोरे, ढक्कन, पेंसिल, पुस्तक या कागज आदि।

**Activity Description:**

### How to do this activity with your child:

1. अपने बच्चे को घर के आसपास विभिन्न वस्तुओंको इकट्ठा करने के लिए कहें। या आप कुछ सामग्री तैयार रख सकते हैं और अपने बच्चे को उनसे चुनने के लिए कह सकते हैं।जैसे ग्लास, प्लेट आदि।
2. एक कागज लेलो और एक पेंसिल से कागज पर किसी एक वास्तु की छाप (कॉपी) उतारलो ताकि बच्चा जानजाए की उसे क्या करना है।
3. अब बच्चे को पेंसिल से कागज पर कुछ छापने के लिए कहें। (एक से अधिक आइटम प्रिंट कर सकते हैं।) यदि आवश्यक होतो आप बच्चे की देखरेख और मदद कर सकते हैं।
4. ट्रेसकरने के बाद (छपाईकेबाद) अपने बच्चे से पूछें कि कौनसी वस्तुएं खींची गई थीं – उन्हें आइटम के आकार के बारे में बात करने के लिए कहें और गिनें कि कितने आइटम बनाये है। जैसे कि यह आकार बड़ा, मध्यम या छोटा होता है। (आप अपने ड्राइंग (प्रिंट) के बारे में भी अपने बच्चे से भी बात कर सकते हैं)
5. बच्चे द्वारा उसके चित्र के बारे में बात करने के बाद उसकी सराहना और प्रशंसा करें।

**Example:**




**What is your Child Learning?**

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म स्नायूंचे कौशल्ये
2. सामाजिक-भावनिक विकास.
3. भाषेचा विकास
4. संकल्पना विकास

**21st Century Skills:**

1. आत्मविश्वास
2. रचनात्मकता

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

muktangan
learning & growing together

# HOME ACTIVITY


| | | | |
|---|---|---|---|
| **Topic Name:** | भाषा और साक्षरता – **Ff-** फ्री हैंड ड्रॉइंग | **Topic No:** | |
| **Grade/Standard:** | ४ से ५ वर्ष | **Duration/Time:** | ३० मिनिट |

| **Materials Required:** |
|---|
| पेपर, पेन्सिल और क्रेयॉन |

**Activity Description:**

यह गतिविधी आप अपने बच

१. बच्चों से कहें की आज हम फ्री हैंड ड्राइंग करने जा रहे हैं। उसे पहिले Ff - फ से संबंधित वस्तुओं और Ff अक्षर दिखाए और sound (ध्वनि) के साथ बोलने के लीये कहें।

Ff says फ-f-Fire Fighter Fred 

Ff says फ- f- fruits 

Ff says फ- f-feet 

Ff says फ-f- fish 

२. बच्चों को पेपर और क्रेयॉन दे। बच्चो से कहे Ff अक्षर से शुरु होनेवाले वस्तू के चित्र निकाले। बच्चे ने निकाले चित्र को लेबल करे और शब्द बच्चों से दोहराए|

३. बच्चों को उनके मन पसंद वस्तू के चित्र निकालने के लीये कहें(free hand drawing) और वो भी लेबल करे|

४. ऍक्टिव्हिटी के दौरान बच्चे की मदत करे और उन्हे प्रोत्साहन दें|

**Example:**




**इस गतिविधि के माध्यम से आपका बच्चा क्या सीख रहा है?**

| **विकास के क्षेत्र** | **२१ वीं सदी के कौशल** |
|---|---|
| 1 सूक्ष्म मांसपेशी कौशल | संवाद |
| 2 सामाजिक-भावनात्मक विकास | सहयोग, सहकार्य |
| 3 भाषा का विकास | आत्मविश्वास |

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | विभिन्न वस्तुओं को इंप्रिंट (प्रभावित) करना | Topic No: | 2 |
|---|---|---|---|
| Pre-school: | 4 से 5 वर्ष | Duration/Time: | 15 – 20 mins |

**Materials Required:**


घरेलू सामग्री जैसे शादियों का कार्ड,कॉइन ,तथा किसी भी तरह के खुरदूरी वस्तु आदि।

**Activity Description:**

### How to do this activity with your child:

1. पिताको अपने बच्चे के साथ बैठकर यह एक्टिविटी करना और देखना है।
2. किसीभी तरह के वस्तु कइन तथा शादी का कार्ड या कोई भी खुरदूरी वस्तु रखकर उसके ऊपर एक प्लेन पेपर रखना है और क्रेयॉन या पेंसिल की सहायता से उसे स्क्रिबल करना है यानी कि लगातार कलर करते रहना है धीरे-धीरे आपको प्लेन पेपर के नीचे रखी हुई वस्तु का चित्र आकृत होता दिखाई देगा।
3. अब बच्चे को यह गतिविधि स्वयं / उसके द्वारा करने दें।जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।
4. गतिविधि के संबंध में बच्चे से बात करें और उनसे पूछें कि उन्होंने क्या किया है और इस का परिणाम क्या है। उदाहरण के लिए अगर छाप एक सिक्के की है तो बच्चे से पूछें कि क्या उन्हें इस के बारेमें पता है।अपने बच्चे के साथ जानकारी साझा करें।

**Example:**



## What is your child learning?

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म मांसपेशी कौशल
2. सामाजिक-भावनात्मक विकास
3. भाषाविकास
4. संकल्पना विकास

**21st century skills**

1. आत्मविश्वास
2. रचनात्मकता

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | तुलनाकरना | Topic No: | 3 |
|---|---|---|---|
| Grade/Standard: | 4 से 5 वर्ष। | Duration/Time: | 15 – 20 mins |

| Materials Required: |
|---|
| वाटी, तांदूळ, मसूर इ. आदि |

## Activity Description:

### How to do this activity with your child:

1. अपने बच्चे को 2 कटोरी दें।
2. फिर उस कटोरे में अलग-अलग मात्रा में 2 वस्तु डालें। उदाहरण (अलग अलग मात्रा में -एक कटोरे में चावल डालना और एक कटोरे मेंदाल)
3. फिर उनसे पूछें कि आज हम इसके साथ क्या करने जा रहे हैं, और फिर उन्हें बताएं कि आज हम एक गतिविधि करने जा रहे हैं जिसका नाम तुलना करना है।
4. फिर उनसे पूछें कि किस कटोरे में अधिक वस्तु है और किस कटोरे में उनकी संख्या कम है।
5. बच्चे ने इसका उत्तर दे दिया या उत्तर देने का प्रयास की या तो उसकी सराहना करना।
6. हर बार प्रत्येक कटोरे में सामग्रियों को अलग मात्रा में डालते रहना और अपने बच्चे से सवाल पूछना।

## Example:



## What is your child learning?

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म मांस पेशी कौशल
2. सामाजिक-भावनात्मक विकास
3. भाषा विकास
4. संकल्पना विकास

**21st century skills**

1. आत्मविश्वास
2. गहन (चिकित्सक) सोच और समस्या का समाधान
3. संवाद करना

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Topic Name:** | पानी का खेल | **Topic No:** | 4 |
| **Pre-school:** | 4 से 5 वर्ष | **Duration/Time:** | 30 मिनट |

**Materials Required:**

एक छोटा टब, बाल्टी, गिलास, कटोरे, बरनी , विभिन्न आकार की बोतलें, बड़े चम्मच, मापने वाले चम्मच, प्लास्टिक शीट, पोछने के लिए पुराना कपडा आदि।

**Activity Description:**

### How to take this activity with the child:

1. आप इस गतिविधि को बाथरूम में कर सकते हैं जहाँ पानी गिरने से कोई फरक नहीं पड़ता। और यदि आप किसी अन्य कमरे में यह गतिविधि कर रहे हैं तो आपको पानी के छींटे से बचने के लिए टब या बाल्टी के नीचे एक प्लास्टिक की चादर डालनी होगी।
2. पानी से भरी आधी बाल्टी और उसके पास ऊपर बताई गई कुछ सामग्री रखें। बच्चे को उन वस्तुओं को छूने दो और बोलने दो की उससे क्या लगता है की उन वस्तुओं के साथ क्या करने वाले हैं.
3. बच्चे ने बताने के बाद उससे कहें की वह अब उन चीजों से खेलें, चीजों का उपयोग करके कंटेनरों को भरे और खाली करें. उन्हें जैसे और जो भी बर्तन भरना है या खली करना है उन्हें करने दें.
4. कुछ समय के लिए बच्चे को अपने आप से खेलने दें और फिर बच्चे से कुछ सवाल करें जैसे - "बड़े गिलास में आपने कितने कटोरे पानी भरे?" "कितने गिलास पानी डालने से बोतल पूरी भर जाती है?" "पानी कैसा लगता है?" "क्या आप यह पानी पी सकते हैं?" "जरा गिनकर बताओ तो की कितने बड़े चमच पानी डालने से गिलास भर जाता है"? "कौन सी वस्तुमें अधिक पानी रह सकता है?" कौन सी वस्तु में कम पानी रहता है? 'आदि।
5. बच्चे के उत्तरों को स्वीकार करें और उसके प्रयास के लिए उसकी प्रशंसा करें।
6. गतिविधि समाप्त होने पर अपने बच्चे की मदद से उस जगह को साफ करें और बच्चे के कपडे भीगे हों तो उसके कपड़े बदलें।

**Example:**



**What is your Child Learning?**

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म मांसपेशी कौशल (संवेदी कौशल)
2 सामाजिक-भावनात्मक विकास
3 भाषा विकास
4. संकल्पना विकास (गणित)

**21st Century Skills:**

1. आत्मविश्वास
2. चिकित्सक सोच
3. संचार (संवाद करना)

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | संगीत और मजा | Topic No: | 5 |
|---|---|---|---|
| Pre-school: | 4 से 5 वर्ष | Duration/Time: | 30 मिनट |

**Materials Required:**

एक रिबन / छोटा दुपट्टा / स्कार्फ, किसी भी तरह का संगीत

**Activity Description:**

**How to take this activity with the child:**

1. यह आपके और आपके बच्चे के लिए एक मजेदार स्फूर्तिवाली गतिविधि है।
2. बच्चे को रिबन / छोटा दुपट्टा / स्कार्फ दें । आप खुद भी एक रिबन या स्कार्फ़ ले। किसी भी तरह का संगीत लगाएं - तेज या धीमा।
3. अपने हाथों से हाल चल कीजिये और अपने बच्चे को भी आप जैसा ही दोहराने के लिए कहिये । क्रियाएं ऊपर-नीचे, बगल की तरफ, झुककर , मुड़कर आदि हो सकती हैं। आप हवा में आकृतियाँ या अक्षर भी बना सकते हैं और अपने बच्चे से कह सकते है की वो भी वैसा ही करें । गोलाकार / क अक्षर / ३ अंक आदि आप क्रिया करके बता सकते है और बोल भी सकते है. क्रिया के लिए केवल एक हाथ या दोनों हाथों का उपयोग कर सकते हैं।
4. आपकी क्रिया हो जाने के बाद आप अपने बच्चे को संगीत के साथ कोई भी क्रिया करने के लिए कहें और आप उसके साथ / उसके बाद उसी की नकल करें।
5. बच्चों को संगीत और नृत्य या संगीत पर हाल चाल बोहोत अच्छा लगता है. बड़ा आनंद लेकर वो यह गतिविधि करेंगे और उसका आनंद लेंगे. आपको भी उनके साथ बोहोत मजा आएगा।

**Example:**




**What is your child learning?**

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म/स्थूल मांसपेशी कौशल
2 सामाजिक-भावनात्मक विकास
3 भाषा विकास
4. संकल्पना विकास

**21 वीं सदी के कौशल:**

1. आत्मविश्वास
2. रचनात्मकता

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | अक्षर का जादू | Topic No: | 6 |
|---|---|---|---|
| Grade/Standard: | 4 से 5 वर्ष | Duration/Time: | 30 मिनट |

**Materials Required:**

"क" अक्षर से शुरू होने वाली वस्तु - उदाहरण कप, कैंची, केला, ककड़ी, कागज, कटोरा, कॉपी, क्रेयॉन आदि

**Activity Description:**

**How to do this activity with your child**

1. एक बड़ा प्लास्टिक या कपड़े का थैला लें और उसमें आपके द्वारा चुनी गई सभी चीजें डालें। कागज और क्रेयॉन भी अपने पास रखें। अपने बच्चे को अपने पास बैठने के लिए कहें और बैग में कौनसी चीजें है ये पहचानने के लिए कहें ।
2. दिए गए सभी उत्तरों का स्वीकार करें। मुस्कुराएं और उन्हें बताएं कि आप आज एक खेल खेल रहे हैं और इस खेल का अक्षरों का जादू कहते है। उन्हें अपना हाथ बैग में डालने के लिए कहें और बिना देखे एक वस्तु उठाकर उसका नाम बताकर बैग में से बाहर निकालने के लिए कहें।
3. यदि बच्चे ने सही अनुमान लगाया है, तो उसी की पुन: पुष्टि करें। यदि बच्चे ने गलत अनुमान लगाया है, तो यह ठीक है। बस उन्हें सही शब्द बता दें।
4. ऐसा ही खेल सारे वस्तु ख़त्म होने तर जारी रखें. आखिर में बच्चे को प्रत्येक वस्तु का नाम दोहराने के लिए कहें और देखने के लिए कहें की सब वस्तुओं में समान क्या है ।
5. यदि बच्चा यह अनुमान लगाने में असमर्थ है कि क्या समान है - तो उदाहरण के लिए अपने आप शब्द तनाव देकर फिरसे दोहराएं जैसे क कप, क केला, क कैंची आदि। बच्चा तब खुद ही कहेगा कि 'क' अक्षर । फिर आप एक कागज़ पर क अक्षर लिखे और बच्चे से कहें की वो भी क अक्षर लिखने का प्रयास करें.
6. यही गतिविधि को किसी अन्य दिन किसी भी अन्य अक्षर के साथ आप कर सकते हैं ।

**Example:**




**What is your child learning?**

**Developmental Domains:**

1. सूक्ष्म मांसपेशी कौशल (संवेदी कौशल)
2 सामाजिक-भावनात्मक विकास
3 भाषा विकास
4. संकल्पना विकास

**21st century skills**

1. आत्मविश्वास
2. चिकित्सक सोच
3. संचार (संवाद करना)

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | ॲनिमल डांस | Topic No: | ४ |
|---|---|---|---|
| Pre-school: | ४ ते ५ वर्षं | Duration/Time: | ३० मिनिटे |

| Materials Required: |
|---|
| **सामग्री:** मोबाईल फोन (विडियो) |

## Activity Description:

**यह गतिविधी आप आपने बच्चे के साथ कैसे करेंगे :-**

१. बच्चे को बताएं के आज आप "ॲनिमल डान्स " करने जा रहे हैं।

२. बच्चे के साथ मिलकर "ॲनिमल डान्स" (प्राणी नृत्य) https://youtu.be/3gt_G1BjTD4 का वीडियो देखिये।

३. फिर वीडियो को देखते हुए आप "डांस" करेगें और बच्चे को भी आप के साथ डान्स करने के लीये कहेंगे ।

४. अपने बच्चे की सराहना (Appreciate) करना और उनकी देखभाल भी करना।

५. ॲनिमल डांस मे कौनसे प्राणी थे ये सवाल आप पूछ संकते है ।

## Example:



## What is your Child Learning?

**विकासके क्षेत्र:**

१. सकल मोटर कौशल
२. सामाजिक-भावनात्मक विकास
३. भाषा विकास

**२१ वीसदी के कौशल**

१. संवाद कौशल
२. रचनात्मकता
३. आत्मविश्वास

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | आर्ट एंड क्राफ्ट | Topic No: | ८ |
|---|---|---|---|
| Pre-school | ४ से ५ वर्ष | Duration/Time: | ३० मिनिट |

**Materials Required:**

विविध प्रकार के बोतल के ढक्कन, पेंसिल या स्केच पेन, क्रेयोन, कोरा कागज ।

**Activity Description:**

**यह गतिविधी आप अपने बच्चों के साथ कैसे लेंगे:**

१. सभी आवश्यक सामग्री इकट्ठे करें और बच्चों को आज की गतिविधि के बारे में बताएं।
२. बच्चों को एक ढक्कन या एक बोतल क्व्हर लेने के लिए कहें। फिर, उन्हें कोरे कागज पर ढक्कन रखने के लिए कहें और ढक्कन को एक हाथ से दबाएं ताकि वह इधर-उधर न जाए (जैसे तस्वीर में दिखाया गया है)। फिर दूसरे हाथ से पेंसिल को ढक्कन के चारों ओर घुमाएँ। इस ट्रेसिंग गतिविधि को करते समय बच्चोंकी मदत करें।
३. इस तरह, बच्चों को अलग-अलग आकार के ढक्कन लेने के लिए कहें और अलग-अलग ट्रेसिंग करने के लिए कहें। फिर, प्रश्न पूछें:
    a. आपने कुल कितने ढक्कन के ट्रेसिंग की ?
    b. क्या सभी आकार में समानता हैं?
४. बच्चों को बने हुए सर्कल को रंगने के लिए कहें और वे उन्हे गिन भी संकते है।
५. गतिविधि के बाद, बच्चों को आज की गतिविधि के बारे में पुछें।

**Example:**



**What is your Child Learning?**

**विकास के क्षेत्र:**

१. सूक्ष्म मांसपेशी कौशल
२ हात आंख समन्वय
३. भाषा का विकास

**२१ वीं सदी के कौशल:**

१. आत्मविश्वास
२ सांवाद कौशल
३. रचनात्मकता

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

# HOME ACTIVITY

| Topic Name: | (पोर्टफोलियो ) बच्चों की एक्टिविटी रखने का फोल्डर | Topic No: | ९ |
|---|---|---|---|
| Pre-school: | 4 to 5 years | Duration/Time: | 30 mins |

**Materials Required:**

न्यूजपेपर, गोंद , कोई भी रिबीन और स्केच पेन।

**Activity Description:**

**बच्चों को उनके चीजों को रखने का फोल्डर बनाने कि गतिविधि करनी है।**

https://youtu.be/NKDicmkQezg

**यह गतिविधी आप अपने बच्चे के साथ कैसे लेंगे:**

१. न्यूज़पेपर और अन्य साहित्य अपने पास रखें।
२. ऊपर दी गई लिंक मे देखकर आप फोल्डर बनए और बच्चे को आपके साथ बनाने के लीये प्रोत्साहित करें।
३. फोल्डर बनाने के बाद उसपर बच्चे अपनी पसंद का चित्र या डिजाइन निकाल सकते है।
४. बच्चो को उनके नाम बड़े अक्षरों में लिखने दे ताकि बच्चा अपने फोल्डर को देख सकें।
५. फोल्डर पूरा बनने के बाद बच्चों को बताए कि यह आपका फोल्डर बन गया है और इसे किस चीज के लिए इस्तेमाल करना है।
६. गतिविधि के बाद आज के गतिविधि के बारे में बच्चों से पूछें.

**Example:**



**What is your Child Learning?**

**विकास के क्षेत्र:**

१. सूक्ष्म स्नायू का विकास
२. सामाजिक भावनात्मक विकास
३. भाषा विकास

**२१ वी सदी के कौशल**

१. आत्मविश्वास
२. संवाद कौशल
३. रचनात्मकता

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai

muktangan
learning & growing together

# HOME ACTIVITY

| | | | |
|---|---|---|---|
| Topic Name: | गणित | Topic No: | १० |
| Pre-school: | ४ से ५ वर्ष | Duration/Time: | ३० मिनट |

**Materials Required:**

घर मे सहज उपलब्ध अलग आकार के बोतले और ऊनके ढक्कन

| Activity Description: | Example: |
|---|---|
| **यह गतिविधी आप अपने बच्चों के साथ कैसे लेंगे ?**<br><br>**(गतिविधि : बोतल और ढक्कन का वर्गीकरण करके वह ढक्कन सही बोतल को लगाना)**<br><br>१. सभी आवश्यक सामग्री एकत्र करें और बच्चों को आज की गतिविधि के बारे में बताएं। सामग्रियों को बच्चों के सामने रखें और उनसे पूछें कि उन्हें क्या लगता है कि आप इसके साथ क्या करने जा रहे हैं।<br>२. बच्चों को इस तरह से छोटे या छोटे से बड़े तक बोतलों की व्यवस्था करने के लिए कहें,<br><br>उदाहरण के लिए: <br>३. उसके बाद, बच्चों से बोतल के रंग, आकार, आकार के बारे में बात करने के लिए कहें। फिर बोतलों के ढक्कन को बाहर निकालें और उन्हें मिलाएं। अब उन्हें बॉटल कैप को सही बॉटल पर लगाने के लिए कहें।<br>४. गतिविधि के बाद आज कें गतिविधि के बारें में बच्चों से पूछें |  |

**What is your Child Learning?**

| | |
|---|---|
| **विकास के क्षेत्र:**<br><br>१. सूक्ष्म मांसपेशी कौशल<br>२. आंख हात समन्वय<br>३. भाषा का विकास<br>४. बौद्धिक विकास | **२१ वी सदी के कौशल**<br><br>१. चिकित्सक विचार<br>२. संवाद कौशल<br>३. आत्मविश्वास |

©2020|Muktangan Education Trust Mumbai